वर्ष 20......... हेतु संस्कृत,पाली/प्राकृत,अरबी, फारसी भाषा के विद्वानों को राष्ट्रपति सम्मान प्रमाण पत्र और इन्हीं भाषाओं में युवा विद्वानों को महर्षि बादनारायण व्यास सम्मान

भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष संस्कृत,पाली/प्राकृत,अरबी, फारसी भाषाओं के उच्च कोटि के विद्वानों को राष्ट्रपति सम्मान हेतु इन भषाओं के 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के विद्वानों के प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं।
इसी प्रकार इन्हीं भाषाओं के युवा विद्वानों को महर्षि बादनारायण व्यास सम्मान से पुरस्कृत (सम्मानित) करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। इन विद्वानों की उम्र 30 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिये।
पुरस्कार की पात्रता हेतु विद्वान के पाससंबंधित भाषा के अध्यापन का अनुभव हो, जिनकी कृतियॉ प्रकाशित हुई हो तथा जिन्होनें उक्त भाषाओं के पारम्परिक अध्ययन को जीवित रखने में योगदान दिया हो। महर्षि बादनारायण व्यास पुरस्कार हेतु ऐसे युवा विद्वानों के प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं जिन्होने संस्कृत तथा प्राचीन भारतीय ज्ञान को आधुनिकता की कसौटी पर जॉचा/परखा हो तथा परम्पराओं और आधुनिकता के बीच तादातम्य की प्रक्रिया स्थापित की गई हो।
इन पुरस्कारों के संबंध में Under Secretary to the Govt.of India, Ministry of Human Resource Development, Deptt. Of Secondary&Higher Education ,Shastri Bhawan New Delhi से सम्पर्क किया जा सकता है।
दूरभाष–011–23381782